<u>निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए विवरणी फ़ाइल करने के लिए सामान्य आई.टी.आर. संबंधी समस्याएं और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

प्रश्न.1: करदाता निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए ड्रॉप डाउन से आई.टी.आर. 1/4 चुनने में असमर्थ है, क्योंकि विवरणी फ़ाइल करते समय विकल्प अक्षम है?

उत्तर: यदि करदाता की आय की विशेष दर है और ऐसी आय के लिए टी.डी.एस. काटा जाता है (उदाहरण के लिए: 115BB), तो ऐसे करदाता के लिए आई.टी.आर. 1 और आई.टी.आर. 4 लागू नहीं होंगे। इसलिए, संबंधित ड्रॉपडाउन अक्षम हैं। इस मामले में, करदाता को लागू आई.टी.आर. फ़ॉर्म 2 या 3 फ़ाइल करना आवश्यक है।

प्रश्न.2: निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आई.टी.आर. फ़ाइल करते समय कटौती का दावा करने के लिए अनुसूची VIA सक्षम नहीं है?

उत्तर: निर्धारण वर्ष 2024-25 से, नई कर व्यवस्था डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था बन गई है और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAC के प्रावधान के अनुसार धारा 80CCD(2)/80CCH/80JJAA के तहत कटौती को छोड़कर, VIA कटौती का दावा नहीं किया जा सकता है। यदि करदाता किसी कटौती (जैसा लागू हो) का दावा करना चाहता है, तो करदाता को आई.टी.आर. 1 / आई.टी.आर. 2 में "हाँ" विकल्प (या) आई.टी.आर. 3 / आई.टी.आर. 4 / आई.टी.आर. 5 में "हाँ, नियत तिथि के भीतर" विकल्प का चयन करके संबंधित आई.टी.आर. में अनुसूची 'व्यक्तिगत जानकारी' या 'भाग-A सामान्य' के तहत "ऑप्ट आउट विकल्प" के लिए प्रदान किए गए फ़ील्ड में पुरानी कर व्यवस्था का चयन करना होगा।

प्रश्न.3: आई.टी.आर. फ़ाइल करते समय करदाता को बैंक खाता सत्यापन त्रुटि मिल रही है। तो, इस समस्या को कैसे हल करें?

उत्तर: करदाता को आई.टी.आर. फ़ाइल करने से पहले आयकर पोर्टल में 'मेरी प्रोफ़ाइल' अनुभाग में 'मेरा बैंक खाता' टैब के अंतर्गत 'क्या एक वैध बैंक खाता है?' जोड़ा गया है या नहीं, इसकी जाँच करनी होगी। करदाता को नई विवरणी फ़ाइल करने से पहले प्रोफ़ाइल को सही ढंग से अपडेट कर लेना चाहिए। बैंक खाते के सत्यापन में किसी भी समस्या का सामना करने की स्थिति में करदाता ऑफ़लाइन उपयोगिता का उपयोग करके आई.टी.आर. फ़ाइल कर सकते हैं। हालाँकि, प्रतिदाय जारी करने के लिए पूर्व-मान्य बैंक खाता आवश्यक है।

प्रश्न.4: यदि करदाता ने लॉटरी या घुड़दौड़ से जीत जैसी विशेष आय अर्जित की है, तो क्या करदाता आई.टी.आर. 1 और आई.टी.आर. 4 फ़ाइल करने के लिए पात्र है?

उत्तर: ऐसे मामलों में जहां लॉटरी या घुड़दौड़ आदि से जीतने जैसी विशेष आय पर टी.डी.एस. काटा गया है, वहां आई.टी.आर.-1 और 4 फ़ाइल करने की अनुमति नहीं है। इसलिए, करदाता को आई.टी.आर. फ़ाइल करने से पहले फ़ॉर्म 26AS और AIS की जाँच करने की सिफारिश की जाती है।

प्रश्न.5: यदि निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल किया गया है तो क्या करदाता के लिए पुरानी कर व्यवस्था चुनना अनिवार्य है?

उत्तर: हाँ, एक बार जब निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल किया गया है तो इसे उसी निर्धारण वर्ष में वापस नहीं किया जा सकता है और करदाता को निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए अनिवार्य रूप से पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुनना होगा। करदाता अगले कर निर्धारण वर्ष में आय का ब्यौरा और उस कर निर्धारण वर्ष के लिए आई.टी.आर. प्रयोज्यता के आधार पर विकल्प बदल सकता है।

प्रश्न.6: किस मामले में पुरानी कर व्यवस्था को चुनने के लिए निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल करना अनिवार्य है?

उत्तर: उन मामलों में जहां करदाता निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए **पुरानी कर व्यवस्था** के तहत आई.टी.आर. फ़ाइल करना चाहता है

यदि आप कारोबार और व्यवसाय से आय का ब्यौरा आई.टी.आर.-3 या आई.टी.आर.-4 में देते हैं, तो फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल करना अनिवार्य है।

प्रश्न.7:क्या करदाता स्व-अधिकृत सम्पत्ति की उधार ली गई पूँजी पर ब्याज का दावा करने में असमर्थ है क्योंकि वह अक्षम हो चुकी है?

उत्तर: निर्धारण वर्ष 2024-25 से, 'नई कर व्यवस्था' 'डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था' बन गई है और अधिनियम, 1961 की धारा 115BAC के प्रावधान के अनुसार "स्व-अधिकृत वाली सम्पत्ति के लिए उधार ली गई पूँजी पर ब्याज" का दावा करने की अनुमति नहीं है। यदि करदाता दावा करना चाहता है, तो करदाता को आई.टी.आर. 1 /आई.टी.आर. 2 में "हाँ" या आई.टी.आर. 3 /आई.टी.आर. 4 /आई.टी.आर. 5 में "हाँ, नियत तिथि के भीतर" विकल्प चुनकर आई.टी.आर. फ़ॉर्म में "ऑप्ट आउट विकल्प" के लिए दिए गए फ़ील्ड में 'पुरानी कर व्यवस्था' का चयन करना होगा।

प्रश्न.8: क्या निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आई.टी.आर. फ़ाइल करते समय, "करदाता 80CCD (2) के अलावा अन्य सभी कटौतियों का दावा करने में असमर्थ है?"

उत्तर: निर्धारण वर्ष 2024-25 से, नई कर व्यवस्था डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था बन गई है, जहां आयकर अधिनियम की धारा 115BAC के प्रावधान के अनुसार धारा 80CCD (2) को छोड़कर अध्याय VIA कटौती का दावा करने की अनुमति नहीं है। यदि करदाता किसी अन्य VIA कटौती का दावा करना चाहता है, तो करदाता को आई.टी.आर. 1 / आई.टी.आर. 2 में "हाँ" या आई.टी.आर. 3 / आई.टी.आर. 4 में "हाँ, नियत तिथि के भीतर" विकल्प का चयन करके आई.टी.आर. फ़ॉर्म में "ऑप्ट आउट विकल्प" के लिए दिए गए क्षेत्र में 'पुरानी कर व्यवस्था' का चयन करना होगा।

प्रश्न 9: करदाता को यह त्रुटि प्राप्त रही है कि "आई.टी.आर. में करदाता का नाम पैन डाटा बेस के अनुसार नाम से मेल नहीं खाता है?"

उत्तर: आई.टी.आर. में प्रथम नाम, मध्य नाम और अंतिम नाम, पोर्टल पर लॉग इन करने के बाद मेरी प्रोफ़ाइल अनुभाग में पंजीकृत नाम के समान होना चाहिए। करदाता को प्रोफ़ाइल अपडेट करना चाहिए और फिर इन समस्याओं को हल करने के लिए ऑफ़लाइन मोड में विवरणी फ़ाइल करने के लिए नवीनतम पहले से भरी जेसन डाउनलोड करना चाहिए या ऑनलाइन मोड में नई फ़ाइलिंग शुरू करनी चाहिए।

प्रश्न.10: निर्धारण वर्ष 24-25 के लिए करदाता ने गलती से फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल कर दिया तथा अब वह उसे रद्द/वापस लेना चाहता है। क्या करदाता इसे वापस ले सकता है या रद्द कर सकता है?

उत्तर: एक बार जब निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए फ़ॉर्म 10IEA फ़ाइल कर दिया जाता है, तो **इसे उसी निर्धारण वर्ष में रद्द / वापस** नहीं लिया जा सकता है, करदाता को निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए अनिवार्य रूप से पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुनना होगा। लेकिन 'वापस लेना' का विकल्प अगले वर्ष में उपलब्ध होगा और इसे कारोबार और व्यवसाय के मामले अर्थात् (आई.टी.आर.-3 या आई.टी.आर.-4 के मामले में) में जीवनकाल में केवल एक बार ही बदला जा सकता है।

Q. 11: क्या करदाता निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए विवरणी फ़ाइल करते समय 10(13A) मकान किराया भत्ता का दावा करने में असमर्थ है?

उत्तर: निर्धारण वर्ष 2024-25 से, नई कर व्यवस्था डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था बन गई है, जहां आयकर अधिनियम की धारा 115BAC के प्रावधान के अनुसार धारा 10(13A) के तहत एच.आर.ए. का दावा करने की अनुमति नहीं है। यदि करदाता एच.आर.ए. का दावा करना चाहता है, तो करदाता को आई.टी.आर. 1 / आई.टी.आर. 2 में "हाँ" या आई.टी.आर. 3 / आई.टी.आर. 4 में "हाँ, नियत तिथि के भीतर" विकल्प का चयन करके आई.टी.आर. फ़ॉर्म में "ऑप्ट आउट विकल्प" के लिए दिए गए क्षेत्र में 'पुरानी कर व्यवस्था' का चयन करना होगा।

Q.12. क्या धारा 80DD और 80U के तहत कटौती का दावा करने के लिए कोई फ़ॉर्म फ़ाइल करना आवश्यक है?

उत्तर: यदि करदाता आयकर विवरणी में धारा 80DD और 80U के तहत किसी कटौती का दावा कर रहा है, तो करदाता को यह सिफारिश की जाती है कि वह धारा 80DD/80U के तहत दावा की गई कटौती के समर्थन में ऐसी विकलांगताओं के लिए संबंधित चिकित्सा प्राधिकरण से प्रमाण पत्र प्राप्त करें और नियम 11A के अनुसार लागू फ़ॉर्म 10IA फ़ाइल करें और फॉर्म 10-IA (पावती संख्या और तिथि) का ब्यौरा विवरणी की अनुसूची 80DD/80U में प्रस्तुत किया जा सकता है।

Q.13. क्या करदाता को अनिवार्य रूप से विवरणी सत्यापित करना आवश्यक है?

उत्तर: हाँ, आई.टी.आर. जमा करने के बाद आई.टी.आर. का सत्यापन अनिवार्य है। करदाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि ई.वी.सी. मोड या डी.एस.सी. के माध्यम से विवरणी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद 30 दिनों की लागू नियत समय के भीतर सत्यापित हो जानी चाहिए। करदाता पोर्टल पर लॉग इन करने के बाद फ़ाइल की गई विवरणी देखें के तहत उपलब्ध आई.टी.आर.-V रसीद की प्रति डाउनलोड कर सकते हैं और किसी भी अन्य समस्या से बचने के लिए आई.टी.आर. के सत्यापन के लिए विवरणी फ़ाइल करने के 30 दिनों के भीतर स्पीड पोस्ट के माध्यम से सी.पी.सी. को भेज सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि किसी भी डाक सम्बंधित समस्या से बचने के लिए सत्यापन केवल ऑनलाइन माध्यम से पूरा करने की सिफारिश की जाती है।

प्रश्न.14: करदाता आई.टी.आर. 2/आई.टी.आर. 3 में विवरणी फ़ाइल करते समय "क्या आप पूर्व वर्ष के दौरान किसी कंपनी में निदेशक थे?" के लिए "हाँ/नहीं" चुनने में सक्षम नहीं है?

उत्तर: यह प्रश्न केवल "व्यक्तिगत" के लिए लागू है। कृपया निर्धारिती की स्थिति की जाँच करें। यदि स्थिति को 'व्यक्तिगत' के रूप में चुना गया है, तो विकल्प "क्या आप पूर्व वर्ष के दौरान किसी भी समय किसी कंपनी के 'निदेशक' रहे हैं" सक्षम हो जाएगा और फिर ब्यौरा दर्ज करें और विवरणी फ़ाइल करने के लिए आगे बढ़ें।

प्रश्न.15: करदाता को आई.टी.आर. 4 में "सकल प्राप्तियाँ/टर्नओवर अनुसूची BP में प्रदान की गई है, लेकिन विविध लेनदारों/इन्वेंट्री, अन्यान्य ऋणी, नकद रोकड़ जैसे वित्तीय विवरण नहीं भरे गए हैं।" के रूप में त्रुटि प्राप्त हो रही है?

उत्तर: आई.टी.आर. 4 में अनुसूची BP में "वित्तीय विवरण" के अंतर्गत 'विविध लेनदार, इन्वेंटरी, अन्यान्य ऋणी, नकद रोकड़' जैसे फ़ील्ड भरना अनिवार्य है। यदि नहीं भरा गया है, तो त्रुटि उत्पन्न होगी।

प्रश्न.16: करदाता ने फ़ॉर्म 10-IEA फ़ाइल किया है और सही फ़ॉर्म 10-IEA ब्यौरे के साथ आई.टी.आर. जमा कर रहा है, लेकिन फिर भी यह त्रुटि प्राप्त हो रही है, कि कृपया मान्य फ़ॉर्म 10IEA ब्यौरा दर्ज करें?

उत्तर: करदाता को फ़ॉर्म 10IEA जमा करने के बाद "फ़ाइल किए गए फ़ॉर्म देखें" के तहत फ़ॉर्म 10IEA ब्यौरे की जाँच और सत्यापन करना होगा और फिर सही फ़ॉर्म फ़ाइल किए गए विवरण दर्ज करने के बाद आई.टी.आर. फ़ाइल करने का पुनः प्रयास करना होगा। इसके अलावा, करदाता यह भी सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर फ़ॉर्म 10-IEA को कई बार जमा न करें।

प्रश्न.17: करदाता ने आई.टी.आर. जमा करते समय आई सत्यापन त्रुटियों को ठीक कर लिया। लेकिन सुधार के बाद भी जब वह "आगे बढ़ें" पर क्लिक करता है तो त्रुटियाँ अभी भी दिखाई दे रही हैं?

उत्तर: त्रुटियों को सुधारने के बाद ऐसी समस्याओं से बचने के लिए नए सत्र में आई.टी.आर. पुनः जमा करने का प्रयास करने की सिफारिश की जाती है।

प्रश्न.18: करदाता ने विवरणी में अनुसूची VIA के तहत धारा 80CCD (2) के तहत कटौती की राशि दर्ज की है, लेकिन कटौती की पात्र राशि 0 के रूप में गणना की जा रही है।

उत्तर: आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 80CCD (2) के तहत दावा की गई कटौती की पात्र राशि की गणना के लिए करदाता को अनुसूची वेतन के अंतर्गत 'मूल वेतन' ड्रॉप डाउन का चयन करने के बाद यह जांचना होगा कि वेतन आय प्रदान की गई है या नहीं।

प्रश्न.19: क्या केवल 44AB लेखा-परीक्षा विवरणी मामलों के लिए डी.एस.सी. विकल्प के माध्यम से विवरणी सत्यापित करना अनिवार्य है?

उत्तर: आयकर नियम, 1962 के नियम 12 में 1 अप्रैल 2024 से संशोधन किया गया है, जिसके अनुसार यदि विवरणी किसी व्यक्ति या एच.यू.एफ. द्वारा फ़ाइल की जा रही है, तो करदाता 44AB लेखा-परीक्षा लागू मामलों के लिए भी ई.वी.सी. मोड या डी.एस.सी. मोड के माध्यम से **विवरणी** सत्यापित कर सकते हैं।

प्रश्न.20: आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAD, 115BAE और 115BAC के अनुसार निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आई.टी.आर.-5 विवरणी फ़ाइल करने के लिए लागू नई कर व्यवस्था के प्रावधानों में क्या अंतर है?

उत्तर: धारा 115BAE भारत में निवास करने वाली ऐसी नई सहकारी समिति के लिए निर्धारण वर्ष 2024-25 से लागू की गई नई धारा है, जिसका निगमीकरण 1 अप्रैल 2023 को या उसके बाद हुआ हो तथा जो विनिर्माण के कारोबार में लगी हो। ऐसे करदाताओं को विनिर्माण कारोबार आय पर 15% तथा शेष आय पर 22% की दर से कर भुगतान करना आवश्यक है। इस विकल्प का लाभ उठाने के लिए फ़ॉर्म 10IFA जमा करना आवश्यक है। धारा 115BAD 1 अप्रैल 2021 को या उसके बाद पंजीकृत सभी अन्य निवासी सहकारी समितियों के लिए लागू है, और वे अपनी कुल आय पर 22% की लागू कर दर का विकल्प चुनने और भुगतान करने के लिए पात्र हैं।

इस विकल्प का लाभ उठाने के लिए फ़ॉर्म 10IF जमा करना आवश्यक है।
कृपया ध्यान दें कि एक बार जब इस नई कर व्यवस्था के प्रावधान को धारा 115BAD या 115BAE के तहत लागू कर दिया जाता है, तो यही प्रावधान सभी आगामी निर्धारण वर्षों के लिए लागू होगा, और पश्चात्वर्ती किसी भी कर निर्धारण वर्ष के लिए वापस नहीं लिया जा सकता है।
धारा 115BAC सभी ए.ओ.पी. (सहकारी समिति के अलावा) या बी.ओ.आई. या ए.जे.पी. पर लागू होती है, जो निर्धारण वर्ष 2024-25 से आई.टी.आर.-5 में आयकर विवरणी फ़ाइल कर रहे हैं, जहां करदाता के अनुसार कर की संगणना कर सकते हैं

नई कर व्यवस्था के लिए लागू संशोधित कर स्लैब को स्वीकार कर सकते हैं और तदनुसार कर का भुगतान कर सकते हैं। कारोबार आय के मामले में इसका लाभ उठाने के लिए फ़ॉर्म 10IEA को नियत तिथि के भीतर जमा करना आवश्यक है।

प्रश्न.21: क्या धारा 115BAD या 115BAE के प्रावधान के अनुसार नई कर व्यवस्था का दावा करने के लिए कोई फ़ॉर्म फ़ाइल करने की आवश्यकता है?

उत्तर: करदाताओं को धारा 115BAD के अनुसार नई कर व्यवस्था का दावा करने के लिए फ़ॉर्म 10IF और धारा 115BAE के अनुसार नई कर व्यवस्था का दावा करने के लिए फ़ॉर्म 10IFA फ़ाइल करना होगा।

प्रश्न.22: क्या करदाता को धारा 115BAD या धारा 115BAE के लिए आई.टी.आर.-5 विवरणी में नई कर व्यवस्था का दावा करने के लिए हर वर्ष फ़ॉर्म 10IF या 10IFA फ़ाइल करना आवश्यक है?

उत्तर: नहीं, करदाता से हर वर्ष फ़ॉर्म 10IF या 10IFA फ़ाइल करने की अपेक्षा नहीं की जाती है। करदाता को उस वर्ष में धारा 139(1) के अनुसार नियत तिथि के भीतर केवल एक बार फ़ॉर्म 10IF या 10IFA फ़ाइल करना आवश्यक है जिसमें करदाता पहली बार नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनना चाहता है।